the number of persons who are yet to get an allotment is 52 and 1150 respectively. In the third self-financing scheme, 1752 persons registered under category III are yet to be allotted flats.

(b) 4917.

जल पूर्ति और मल निकास कार्यालय दिल्ली में पदावनतियां

21. **श्री निहाल सिंह : क्या निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम के जलपूर्ति और मल निकासी कार्यक्रम में काम करने वाले लगभग 60 लिपिकों को हाल ही में पदावनत किया गया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि लिपिकों के रूप में उनकी नियुक्ति के समय दो वर्षों के भीतर टाईप की परीक्षा पास करने की शर्त निर्धारित की गई थी और टाईप परीक्षा पास न करने पर दो वर्षों के व्यतीत हो जाने के बाद निगम द्वारा उनकी पदावनति की जानी थी ; और

(ग) यदि हां, तो इतनी लम्बी अवधि के व्यतीत हो जाने के बाद उनको पदावनत करने के क्या कारण हैं और उनको लिपिकों के पद पर बने रहने देने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) दिल्ली नगर निगम के दिल्ली जलपूर्ति तथा मलव्ययन संस्थान ने सूचित किया है कि इस संस्थान में निम्न श्रेणी लिपिक के रूप में कार्य कर रहे 62 कर्मचारियों को उनके पूर्व पदों पर प्रत्यावर्तित करने के आदेश मई, 1981 में जारी किये गये थे। तथापि, उनमें से किसी की भी निम्न श्रेणी लिपिक के ग्रेड में 15 वर्ष की सेवा नहीं थी।

(ख) और (ग). दिल्ली जलपूर्ति तथा मल व्ययन संस्थान ने सूचित किया है कि उपयुक्त कर्मचारियों की निम्न श्रेणी लिपिक के ग्रेड में नियुक्ति तदर्थ आधार पर की गई थी। उन्हें उनकी नियुक्ति के एक वर्ष के अन्तर्गत टाइप टेस्ट पास करना अपेक्षित था। उन्हें कई अवसर देने के बावजूद भी वे टाइप टेस्ट पास करने में असफल रहे जिसके परिणामस्वरूप मई, 1981 में उनका प्रत्यावर्तन हुआ।

दिल्ली जलपूर्ति तथा मल व्ययन संस्थान के अनुसार प्रभावित कर्मचारियों ने अपने प्रत्यावर्तन के विरुद्ध दिल्ली उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की थी परन्तु उसे 30-7-81 को आरम्भ में ही खारिज कर दिया गया था। उच्च न्यायालय के आदेशों के विरुद्ध विशेष अपील की याचिका भी उच्चतम न्यायालय द्वारा 30 सितम्बर, 1981 को खारिज कर दी गयी थी।

मध्य प्रदेश में ग्रामीण युवकों को स्वनियोजन में प्रशिक्षण योजना

22. **श्री केयूर भूषण : क्या ग्रामीण पुनर्निर्माण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड में ग्रामीण युवकों को स्वनियोजन में प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत 2 अक्तूबर, 1980 से अब तक कितने व्यक्तियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है ; और

(ख) उनमें हरिजनों, आदिवासियों और महिलाओं की संख्या कितनी है ?

कृषि तथा ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री बालेश्वर राम) : (क) और (ख). सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा-पटल पर रख दी जायेगी।